**शिक्षा** | **संबद्ध सात विद्यालय प्रत्येक दिन करेंगे समारोह**

# यूपीईएस के 22वें दीक्षांत समारोह का शानदार आगाज

## ■ पांच दिन तक चलेगा आयोजन

देहरादून, 22 नवम्बर (नवोदय टाइम्स) : यूपीईएस का 22 वां दीक्षांत समारोह शुक्रवार से शुरू हुआ। पहली बार, यह दीक्षांत समारोह पांच दिनों तक चलेगा। इसमें यूपीईएस के सातों विद्यालयों में से प्रत्येक को समर्पित अलग-अलग समारोह होंगे। 22 से 26 नवम्बर तक यूपीईएस के सभी सात विद्यालयों के छात्रों को डिग्री दी जाएगी।

समारोह की शुरुआत स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी (एसओएचएसटी) और स्कूल ऑफ लॉ (एसओएल) के दीक्षांत समारोह से हुई। यूपीईएस ने मुख्य अतिथि के रूप में लॉ और जस्टिस मंत्रालय के माननीय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल का स्वागत किया। साथ ही इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति जेजे मुनीर और उत्तराखंड के महाधिवक्ता माननीय एसएन बाबुलकर का भी अभिनन्दन किया।




*यूपीईएस में 22वें दीक्षांत समारोह के शुभारंभ पर मौजूद शिक्षाविद् और केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल।*

स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी में सीएसआईआर के डायरेक्टर जनरल और डीएसआईआर के सेक्रेटरी डॉ. कलाईसेलवी ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति दर्ज कराई। उनके साथ आईएनएसईआरएम पेरिस के डायरेक्टर डॉ. श्रीनि कावेरी भी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। 23 नवम्बर को स्कूल ऑफ बिजनेस (एसओबी) के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कॉग्सवर्ग डिजिटल इंडिया के प्रबंध निदेशक दीपक कुमार स्वैन और भारत और श्रीलंका में नॉर्वे की राजदूत महामहिम मे-एलिन स्टेनर शामिल होंगे। प्रमुख उपस्थित लोगों की सूची में हिंदुजा हॉस्पिटल्स के सीईओ गौतम खन्ना, सेतु आयोग के उपाध्यक्ष राजशेखर जोशी, इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड की अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक वर्तिका शुक्ला शामिल होंगी।

24 नवम्बर को स्कूल ऑफ डिजाइन (एसओडी) और स्कूल ऑफ लिबरल स्टडीज एंड मीडिया (एसओएलएसएम) हैवेल्स इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष और सीटीओ मुकुल सक्सेना और इंडिया टुडे की वरिष्ठ संपादक अंजली इस्तवा को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करेंगे। स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस का दीक्षांत समारोह 25-26 नवम्बर को होगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डीएक्ससी टेक्नोलॉजी के एप्लाइड इंटेलिजेंस, प्लेटफॉर्म और इंजीनियरिंग के ग्लोबल हेड रॉबिन फिलिप वर्गीस, किंड्रिल के डेटा और एआई सर्विसेज के उपाध्यक्ष और सीटीओ नवीन कामत और ब्रिटिश भारतीय व्यवसायी लॉर्ड करण बिलिमोरिया शामिल होंगे।